Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Assistance to farmers distressed due to scanty rains in Chatra Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): महोदय, वर्तमान हालात में झारखण्ड राज्य में सुखाड़ की स्थिति बन गई है। पिछले 10 साल में जुलाई माह में सबसे कम बारिश इस बार हुई है, मौसम विभाग के अनुसार राज्य के 17 जिलों में सामान्य से 50 प्रतिशत से भी कम बारिश हुई है। पूरे राज्य में भी सामान्य से करीब 51 प्रतिशत कम बारिश हुई है। राज्य में अब तक 391 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, इसकी तुलना में मात्र 192.9 मिमी ही बारिश हुई है। एक भी जिला ऐसा नहीं है, जहां सामान्य से अधिक बारिश हुई है। इस कारण धान के बिचड़े पर संकट है। कहीं-कहीं छुटपुट रोपाई शुरू हई है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के चतरा, लातेहार व पलामू जिलों से किसी में भी अब तक रोपाई शुरू नहीं हो पायी है। किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें पड़ रही हैं। सबसे खराब स्थिति मेरे लोक सभा क्षेत्र के जिलों चतरा, लातेहार, पलामू तथा अन्य जिलों हजारीबाग, गढ़वा, रामगढ, देवघर, गुमला, कोडरमा, गोड्डा, लोहरदगा तथा जामताड़ा आदि जिले की है।

मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से मांग है कि केन्द्रीय स्तर व राज्य स्तर से टीम भेजकर प्रत्येक जिले की सुखाड़ की स्थिति का आंकलन किया जाये तथा तत्काल किसानों को राहत प्रदान करने के लिए विशेष सहायता व वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए तैयारी करवाई जाये। किसानों को फसल बीमा का लाभ, किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ, बीज वितरण, बुआई यंत्र उपलब्ध कराना तथा सिंचाई की वैकल्पिक सुविधा जैसे सोलर वाटर पम्प, लम्बित सिंचाई योजनाओं से खेती के लिए जलापूर्ति, स्थानीय नदियों के पानी को खेती के लिए उपलब्ध कराने के लिए कोई ठोस कार्य योजना लागू करें। धन्यवाद।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: माननीय सदस्यगण, बहुत महत्वपूर्ण विषय माननीय सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं। आप कृपया उन्हें सुनें। अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।